an>

Title: Need to enhance the daily wage of labourers of tea gardens in Assam to Rs. 180/-.

श्री रामेश्वर तेली (डिबूगढ़) : माननीय सभापति जी, आपको शायद पता है कि असम चाय के लिए प्रसिद्ध है और भारत में जो सौ प्रतिशत चाय का उत्पादन होता है, उसमें से 70 प्रतिशत असम में होता है। लेकिन चाय बागान में जो लोग काम करते हैं, उनकी बहुत सी समस्याएं हैं। पीने के पानी की समस्या तो वहां है ही लेकिन इसके साथ साथ वहां बिजली की समस्या है और जो दैनिक मजदूरी है, वह उनको बहुत कम केवल 94 रुपये मजदूरी दी जाती है। मैं आज आपके माध्यम से माननीय वाणिज्य मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि जो इतनी कम मजदूरी 94 रुपये है, इसको बढ़ाना चाहिए क्योंकि असम चाय के लिए प्रसिद्ध है और चाय बागान में करीब बीस लाख काम करते हैं। बड़े बागान, चाय बागान करीब 1200 हैं और छोटे छोटे चाय बागान लाख के करीब हैं। इसलिए मैं सदन में वाणिज्य मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि चाय बागान के जो लोग हैं, उनकी मजदूरी कम से कम 150 रुपये प्रतिदिन की जाए।